सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 33 | इंदौर, मंगलवार 13 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Kolkata Doctor Case: हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों का पुलिस को अल्टीमेटम; छात्रों ने मंत्री-विधायक को घेरा**

2. **Bihar Police: भागलपुर पुलिस लाइन में सिपाही समेत पूरे परिवार को मारने के बाद पति ने किया सुसाइड**

## लोक परिवहन के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयास...

# और एक कदम आगे बढ़ा इंदौर

@ DGR विशेष

इंदौर। सफाई में लगातार नंबर 1 पर रहने वाले इंदौर का डंका पूरे देश में बज रहा है और इंदौर को एक नई पहचान इसी सफाई की वजह से ही मिली है। अब शहर में सफाई के साथ जहां ट्राफिक में भी नंबर 1 बनने के प्रयास हो रहे हैं, वहीं प्रदूषण को भी कम करने के प्रयास भी जारी है। इसी के चलत लोक परिवहन क्षेत्र में नई कोशिश करते हुए इंदौर ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। वर्तमान में जहां बीआरटीएस पर ही ई बसें चल रही है और यह कारीडोर ग्रीन कारीडोर के रूप में पहचान बनाता जा रहा है तो वहीं पूरे शहर की जनता को बेहतर लोक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने और वाहनों के प्रदूषण को कम करने के लिए शहर में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरु हो रहा है। इंदौर नगर निगम ने ई बसों और डिपो के लिए तैयारियां शुरु कर दी है। हालांकि अभी तय नहीं हुआ की डिपो का कहा बनाए जाएंगे। इसके लिए सरकारी जमीन देखी जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस योजना के अंतर्गत यह बस सेवा इंदौर के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी संचालित होगी। बताया जाता है कि इसके साथ ही नगर निगम और आईसीटीएसएल ने बैटरी से चलने वाले अन्य वाहनों के लिए शहर में 18 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन के लिए जगह चिन्हित की है। 18 स्टेशनों में 9 चार्जिंग स्टेशन और बनकर तैयार , विद्युत कनेक्शन होना बाकी है।




## 8 बसों से शुरु होगा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

### यह है उद्देश्य

लोक परिवहन के क्षेत्र में इंदौर लगातार आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में शहर की सडक़ों पर सिटी बस, आई बस, आटो रिक्शा, ई- रिक्शा , ई- बाइक समेत अन्य वाहन दौड़ रहे है। इसी बीच शहर में इलेक्ट्रिक बसों संचालन शुरु होने वाला है। इस नई बस सेवा शुरु करने का मुख्य उद्देश्य शहर की जनता को बेहतर लोक परिवहन सेवा उपलब्ध मिल सके तथा वाहनों के प्रदूषण भी कम हो सके।

### वरिष्ठ अधिकारी लेंगे निर्णय

इलेक्ट्रिक बसों के संचालन पर जब एक अधिकारी से पूछा गया की इलेक्ट्रिक बसे बीआरटीएस कॉरिडोर में चलाई जाएगी या शहर के विभिन्न रुटों पर। इस पर अधिकारी ने बताया की अभी यह कुछ भी तय नहीं हुआ है। पहले बसें यहां आना शुरु हो जाए। उसके बाद शहर के वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा यह निर्णय लिया जाएगा।

### ग्राउंड स्तर पर हो रही तैयारियां

उधर नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर ग्राउंड स्तर तैयारियां शुरु हो चुकी है। प्रधानमंत्री ई-बस योजना के अंतर्गत शुरु होने वाली इस योजना के तहत इंदौर नगर निगम ने डिपो के लिए सरकारी जमीन देखना शुरु कर दी है।

### 9 चार्जिंग स्टेशन और बनकर तैयार

अपर आयुक्त और एआईसीटीएसएल के प्रभारी पाठक ने बताया कि वर्तमान समय में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों पर 09 और इलेक्ट्रिक चार्जिंग सिस्टम स्टेशन बनकर तैयार है लेकिन इन्हें अभी तक चालू नहीं किया गया है क्योंकि विद्युत कनेक्शन होना बाकी है । अपर आयुक्त ने बताया कि विद्युत कनेक्शन के लिए एआईसीटीएसएल द्वारा विद्युत विभाग को पत्र लिख दिया गया है । कंपनी जल्द ही इन सभी पर विद्युत कनेक्शन करवा कर चालू करवा देगी।



### कलेक्टर की कार्यवाही का दिखा असर दिखा

शहर से संचालित होने वाली ट्रेवल एजेंसियों की बसों का संचालन अब शहर के बाहर से होगा। पिछले दिनों कलेक्टर के आदेश पर की गई कार्यवाही के बाद प्रशासन ने शहर की कई ट्रेवल्स एजेंसियों के सिटी ऑफिस को सील करते हुए बसों के संचालन रोक दिया था। कलेक्टर ने तीन दिन की मोहलत देते हुए संचालकों को निर्देश दिए थे की रविवार तक अपनी बसों का संचालन की व्यवस्था शहर के बाहर कर ले। कलेक्टर की इस कार्यवाही का असर यह देखने को मिला की शहर की सात ट्रेवल्स एजेंसियों ने सोमवार से अपनी बसों का संचालन शहर के बाहर से करने का काम शुरु कर दिया है। शहर के अंदर से ट्रेवल्स की बसों का संचालन होने से यातायात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस स्थान पर ट्रेवल्स का कार्यालय है उस स्थान वाले क्षेत्र में तो यातायात का मानो कचूमर ही निकल जाता है। इसके अलावा पिर ट्रेवल्स के कार्यालय से निकलकर ट्रेवल्स की बस जिस भी मार्ग से गुजरती है उस मार्ग पर यातायात की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो जाती है। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा गुरुवार को सात ट्रेवल्स के कार्यालय को सील करने की कार्रवाई की गई थी।

### तीन दिन की दी गई थी मोहलत

इन ट्रेबल्स के संचालकों से साफ कह दिया गया था कि आप अपनी बसों का संचालन शहर की सीमा के बाहर ले जाकर कीजिए। उस समय इन ट्रेवल्स के संचालकों के द्वारा व्यवस्था करने के लिए प्रशासन से मोहलत मांगी गई थी। इस पर प्रशासन के द्वारा सभी ट्रेवल्स संचालकों को 3 दिन की मोहलत दी गई थी। उनसे कहा गया था कि 3 दिन के अंदर आप व्यवस्था कर लीजिए कि आपकी बसें शहर के बाहर कहां से संचालित होगी। यदि आपके पास में स्थान उपलब्ध नहीं हो तो ऐसी स्थिति में नायता मुंडला के बस स्टैंड से बसों का संचालन कर सकते हैं।

# पीएमश्री उड़ान सेवा को नहीं मिल रहे यात्री

## दोनों फ़्लाईट खाली, कंपनी का नया शेड्यूल जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सप्ताह में एक दिन सोमवार को इंदौर से चलने वाली पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा को यात्री नहीं मिल रहे हैं। कंपनी एक बार फिर से प्रमोशनल डिस्काउंट बढ़ा कर 50 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद भी सोमवार को इंदौर से भोपाल और जबलपुर जाने वाली दोनों उड़ानों में सभी 6 सीट खाली हैं। बीते सोमवार को इंदौर से आने जाने वाली उड़ानों में केवल तीन यात्री मिले थे।

कंपनी ने बीते दिनों एक दिन चला कर अपनी खजुराहो उड़ान को भी बंद कर दिया था। बता दें कि कंपनी अभी तक सिर्फ़ 35 प्रतिशत ही डिस्काउंट दे रही थी। कंपनी ने 31 जुलाई को अगस्त माह का शेड्यूल जारी किया था। इसमें इंदौर से भोपाल और जबलपुर के लिए सीधी उड़ानें हैं।



जून माह में जब यह सेवा शुरू हुई थी तो रीवा और उज्जैन के लिए भी उड़ानें थी और प्रदेश के आठ शहरों को आपस में जोड़ने की योजना थी।

कंपनी इस उड़ान का संचालन नॉन शेड्यूल उड़ान (चार्टर्ड उड़ान) के रूप में कर रही हैं। जिसके लिए 6 सीटर विमान का उपयोग किया जा रहा था। कंपनी की बाद में बड़ा विमान लाने की भी योजना थी। वहीं मध्यप्रदेश शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए कंपनी ने पहले माह किराए में 50 प्रतिशत तक की छूट दी थी। जिसे बाद में 20 प्रतिशत और अब 35 प्रतिशत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब श्रावण माह के साथ 15 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट उपलब्ध करवाया गया है। जिससे यात्री को सीधे 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लेकिन इसके बाद भी सीटें खाली हैं।

### कंपनी ने नया शेड्यूल किया जारी

फ़्लाई ओला कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इस शेड्यूल के हिसाब से कंपनी ने इंदौर से कोई नई फ़्लाइट नहीं बढ़ाई है। इंदौर से हफ़्ते में एक दिन यानी सोमवार को ही भोपाल और जबलपुर के फ्लाइट का संचालन होगा। बता दें कि कंपनी अधिकारी 15 अगस्त के बाद इंदौर से उज्जैन की फ्लाइट शुरू करने की बात कह रहे थे। लेकिन कंपनी द्वारा जारी किए गए नए शेड्यूल में इस फ्लाइट को अभी शुरू नहीं किया गया है।

# बारह ज्योतिर्लिंग रुद्र अभिषेक व 2100 पार्थिवशिवलिंग निर्माण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा ब्रिज के नीचे दो दिवसीय बारह ज्योतिर्लिंग रुद्र अभिषेक व प्रतिदिन 2100 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण शिव भक्तों द्वारा किया जा रहा है । संस्था द्वारा पूजन की सामग्री भक्तों को उपलब्ध करवाई गई हैं । संस्था संगम के संरक्षक विधायक रमेश मेंदोला व संस्था संगम की संयोजक पार्षद श्रीमती संध्या राधा किशन जायसवाल ने बताया कि आज से दो दिवसीय बारह ज्योतिर्लिंग रूद्राभिषेक व 2100 परिवार द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका अभिषेक किया । महंत भक्ति प्रिया , स्वामी कृष्ण प्रेम , बालक दास महाराज ,एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला ने शिव पूजन किया । संस्था के मासूम जायसवाल ने बताया कि कल भी 2100 परिवार पूजन में शामिल होंगे । आज महंत भक्ति प्रिया ने पूजन अर्चन कर शिव भक्तों को कहा कि शिवजी की अराधना के लिए पार्थिव पूजन सभी लोग कर सकते हैं, फिर चाहे वह पुरुष हो या फिर स्त्री। भगवान शिव कल्याणकारी हैं। मान्यता है कि श्रावण मास में जो श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजन अर्चना करता है, वह दस हजार कल्प तक स्वर्ग लोक में निवास करता है। पार्थिव पूजन सभी प्रकार के दुखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है ।राजकुमार शर्मा ,कमलेश तिवारी ,विजय मनावत ,चंदन पाल ,रोहित बिंजवा ,दिनेश मिश्रा ,राजीव मेहरा, युगल पवार मौजूद थे।

# गीता भवन में रुद्राभिषेक में शामिल हुए ट्रस्टी एवं श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्रावण के चौथे सोमवार पर गीता भवन में आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री एवं आचार्य पं. जगदीश भार्गव सहित पांच विद्वानों के निर्देशन में बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया गया।**

गीता भवन की ओर से अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, संरक्षक ट्रस्टी गोपालदास मित्तल, मनोहर बाहेती, प्रेमचंद गोयल, दिनेश मित्तल, राजेश गर्ग केटी, टीकमचंद गर्ग, हरीश माहेश्वरी सहित गीता भवन आने वाले श्रद्धालुओं ने भी अनुष्ठान में भाग लिया।

मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की ओर से प्रतिदिन सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक शिव स्तुति का नियमित पाठ भी किया जा रहा है, जिसमें आम श्रद्धालु भी भाग ले सकते हैं। गीता भवन में चातुर्मास के दौरान ऋषिकेश के स्वामी अखंडानंद महाराज के प्रवचन प्रारंभ हो गए हैं। वे प्रतिदिन सुबह 9.30 से 10.30 एवं संध्या 5.30 से 6.30 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। गीता भवन में इस बार चातुर्मास के दौरान तृतीय चरण में 20 अगस्त से 2 सितम्बर तक उज्जैन के स्वामी असंगानंद महाराज और अंतिम चरण में 3 से 17 सितम्बर तक वृंदावन के बालशुक पुंडरिक महाराज के प्रवचन होंगे।

## कटाक्ष




### कांटाफोड़ शिव मंदिर पर रजत मंडित गर्भगृह में भोलेनाथ का अनूठा श्रृंगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर श्रावण मास के उपलक्ष्य में चौथे सोमवार को रजत मंडित गर्भगृह में सात किस्म के एक क्विंटल फूलों से भगवान शिवाशिव का मनोहारी श्रृंगार किया गया। संध्या को हजारों भक्तों ने इस नयनाभिराम श्रृंगार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आरती में भी भाग लिया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल, राजकुमार अग्रवाल एवं अजय खंडेलवाल ने बताया कि श्रावण मास में मंदिर प्रबंधन द्वारा पं. हरिशंकर शास्त्री के निर्देशन में प्रतिदिन नियमित अनुष्ठान किए जा रहे हैं। भक्त मंडल के संदीप गोयल ने बताया कि मंदिर की भक्त मंडली के सहयोग से प्रतिदिन सुबह दूध से भगवान भोलेनाथ के अभिषेक एवं बिल्व पत्र, हल्दी, चावल, कुमकुम एवं अबीर सहित सभी पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई है। आम श्रद्धालु यहां आकर बड़ी संख्या में पुण्य लाभ उठा रहे हैं।

# पालकी एवं रथ में सवार होकर निकले भवानी शंकर

## विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर श्रावण में 31 विद्वानों द्वारा अभिषेकात्मक लघुरूद्र महायज्ञ जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अपनी प्रजा एवं भक्तों का हाल जानने के लिए विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम के भगवान भवानी शंकर सावन के चौथे सोमवार की शाम को भक्तों को दर्शन निकले। सुसज्जित पालकी में विराजित होकर जैसे ही भगवान भक्तों के बीच पहुंचे, जय-जयकार और जयघोष से समूचा मंदिर परिसर गूंज उठा।

आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आचार्य पं. राजेश शर्मा एवं अन्य विद्वानों द्वारा भगवान की पूजा-अर्चना के बाद यह पालकी शोभायात्रा के रूप में मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कालानी नगर चौराहा, अंजनि नगर, सुखदेव नगर, साठ फीट रोड एवं कान्यकुब्ज नगर होते हुए पुनः मंदिर पहुंची, जहां भक्तों के सैलाब ने भगवान भवानी शंकर की अगवानी की। बैंडबाजों और ढोल-ताशों की धुन पर नाचते हुए भक्तों ने अपनी खुशियां व्यक्त की। स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद वेदांग विद्यापीठ के बटुकों ने भी कतारबद्ध होकर इस शोभायात्रा में भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह भगवान के रथ एवं पालकी पर भक्तों ने पुष्प वर्षा कर पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर आश्रम परिवार के सदस्यों ने भी भगवान भवानी शंकर से देश, प्रदेश एवं शहर में सुख, शांति एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की।

### 31 विद्वानों द्वारा लघुरूद्र महायज्ञ

श्रावण के चौथे सोमवार पर विद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 31 विद्वानों द्वारा अभिषेकात्मक रघुरूद्र महायज्ञ (121 लघु रुद्र) किए गए। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, यदुनंदन माहेश्वरी एवं पं. दिनेश शर्मा नेबताया कि संध्या को आश्रम परिसर स्थित शिव मंदिर पर पं. लोकेश शर्मा, पं. आशीर्वाद शर्मा एवं उनके साथियों ने सूखे मेवे एवं फूलों से भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया, जिनके दर्शनार्थ देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। आश्रम पर पूरे सावन माह में सुबह 9 बजे से अखंड दुग्ध धारा एवं तीर्थ जल से अभिषेकात्मक लघुरूद्र महायज्ञ तथा सायं 5 बजे से सामूहिक शिव महिम्न पाठ, 5.30 बजे से सामूहिक लक्षार्चन आराधना एवं रात्रि 9 बजे से सामूहिक शिव आराधना के अनुष्ठान जारी हैं।

# खजराना गणेश को चढ़ेगी विश्व की सबसे बड़ी राखी

## 169 वर्ग फीट साइज, 101 मीटर लम्बी डोर, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व प्रसिद्ध भगवान खजराना गणेश को इस बार फिर बड़ी राखी अर्पित की जाएगी। इसे बनाने वाली समिति हर साल राखी का आकार एक फीट बढ़ाती है। इस बार की राखी 169 वर्ग फीट की साइज में बनाई जा रही है। उसकी डोर 101 मीटर लम्बी होगी। 19 अगस्त को शुभ मुहूर्त पर वैदिक पद्धति और मन्त्रोच्चार के साथ अर्पित की जाएगी।

खास बात यह कि समिति द्वारा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने की तैयारी है। इसके लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस की टीम को आमंत्रित गया है। इसके साथ ही राखी की डिजाइन भी टीम को भेजी गई है। अब जल्द ही इसे बनाने का काम शुरू होगा। समिति का दावा है कि यह विश्व की सबसे बड़ी राखी होगी। राखी का निर्माण श्री विघ्नहर्ता गणेश भक्त समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति द्वारा सातवीं बार इस तरह की राखी का निर्माण किया जा रहा है। सबसे पहले 77 वर्ग फीट की राखी का निर्माण कर खजराना गणेश को अर्पित



की थी। फिर हर साल इसका आकार एक-एक वर्ग फीट बढ़ाया गया।

पिछले साल 1212 वर्ग फीट (144 वर्ग फीट) की राखी अर्पित की गई थी। इस बार 1313 वर्ग फीट (169 वर्ग फीट) की राखी अर्पित की जाएगी। दुनिया की सबसे बड़ी राखी प्रमाणित करने के लिए वर्ल्ड बुक का रिकॉर्ड की टीम इसके सारे पैरामीटर देखेगी। समिति के संस्थापक राजेश बिड़कर और राहुल शर्मा ने बताया इस राखी को 15 कलाकारों द्वारा 10 दिनों में तैयार किया जाएगा। इस बार भी समिति अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगी। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से कनफर्मेशन भी आ गया है। यह विशाल राखी रक्षा बंधन से जन्माष्टमी तक भक्तों के दर्शन के लिए खजराना गणेश मंदिर में ही रखी जाएगी। भक्तजन अपनी राखी इस बड़ी राखी की डोर पर बांध सकते हैं। राखी बांधने वाले भक्तों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

### अलग-अलग हिस्सों में मंदिर तक जाएंगे एक क्विंटल वजनी राखी

राखी का वजन एक क्विंटल से ज्यादा रहेगा। मंदिर ले जाने के दौरान नुकसान न हो इसलिए बीच का बड़ा और आसपास के हिस्से अलग-अलग पैक किए जाएंगे। फिर इसे लोडिंग वाहन में मंदिर ले जाया जाएगा। राखी को खजराना गणेश मंदिर की रैलिंग के पास अर्पित कर दिया जाएगा। फिर परिसर में ही सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा ताकि श्रद्धालु उस पर अपनी राखी कर उसे अच्छे से निहार सके।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र में सडक़ दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि एक 12 वर्षीय बालक घायल हो गया। जिसके बाद नाबालिग को प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। वहीं पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा है।**

सागौर थाने के सहायक उपनिरीक्षक घनस्याम चौधरी ने बताया कि आज सुबह करीब सात बजे महेंद्रा पिकअप क्रमांक रूक्क 4६6 ष्ट 8759 के ड्राइवर की ओर से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार देवकरण को सिर में गंभीर चोट आई। जबकि पीछे बैठे नाबालिग को हाथ और पैर में चोट पहुंची।

जिसके बाद गंभीर देवकरण की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं नाबालिग को प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने मौका पंचनामा बना कर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया है। पिकअप वाहन को जब्त कर ड्राइवर की तलाश जारी है।

# पांच साल से लापता युवक दो दिन में मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पांच साल पहले पत्नी को बताकर घर से लापता हुए युवक को पुलिस ने दो दिन में ढूंढ निकाला। युवक दिल्ली में पढ़ाई के साथ प्राइवेट नौकरी करने लगा था। युवक के वापस घर पहुंचने से परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मामले में महिला ने 8 अगस्त को विजयनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रिपोर्ट लिखाने के बाद वह जोन 2 के पुलिस उपायुक्त कार्या पर विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला अपने 12 साल के बेटे के साथ पहुंची। महिला ने बताया कि उसका पति वर्ष 2020 में घर छोडक़र चला गया था। घर छोडक़र जाते समय मुझे चि ी लिखी थी। इसमें कहा था कि मैं पढ़ाई करना चाहता हूं। यहां रहकर पढ़ाई नहीं कर सकता। मुझे नौकरी के लिए बाहर जाना है। जब तक मैं कुछ बन नहीं जाता, तब तक मुझे ढूंढने का प्रयास मत करना।

### प्राइवेट नौकरी कर पाला पेट

पति के जाने के बाद पत्नी ने प्राइवेट नौकरी कर परिवार चलाया। ससुराल पक्ष की इज्जत बचाने उसने वर्ष 2020 में गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई। अपने स्तर पर पति को ढूंढने कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली तो दूसरे विकल्प के रुप में पुलिस अधिकारी के पास पहुंची।

### अलग-अलग जगह भेजी टीम

पुलिस उपायुक्त ने महिला की पीड़ा सुनकर उसके पति का पूर्व मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, आईटीआर रिटर्न की जानकारी मांगी। दस्तावेज और जानकारी मिलते ही विजयनगर थाने की टीम गठित की। टीम ने आईटीआर रिटर्न की जानकारी हासिल की तो पता चला कि आयकर की राशि दिल्ली से जमा की जा रही है। इसी आधार पर पुलिस ने नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, निजामुद्दीन, कनाड पैलेस क्षेत्र में जांच की। जांच के बाद गुमशुदा युवक नईदिल्ली के मुखर्जी नगर में मिला। पुलिस ने उसे पकडक़र पत्नी के सुपुर्द किया।

# जन्मदिन पार्टी मनाने गए दोस्तों से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में आए दिन पार्टी में मारपीट होना अब सामान्य होते जा रहा है। पुलिस की सख्ती के बाद भी नशे में युवा विवाद कर रहे है। कनाडिया थाना क्षेत्र के यूनो बिजनेस पार्क में जन्मदिन की पार्टी करने लगे दोस्तों के साथ मारपीट हुई। पुलिस के मुताबिक, कार्तिक निंदरवाल निवासी साकेत नगर ने बताया कि दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने केव रेस्टोरेंट एवं बार गए थे। पार्टी मनाकर वापस लौट रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लोग आए और शराब के लिए पैसे मांगने लगे। विरोध किया तो करीब 10 लोगों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# मातृशक्तियों ने निकाली कलश-कावड़ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्रावण के चौथे सोमवार पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के सभी 10 वार्डो की 20 हजार से अधिक महिलाएं सुबह गांधी हाल स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर से अपने कलश में देश की पवित्र नदियों एवं सप्त सरोवर का जल लेकर राजबाड़ा स्थित जबरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची और विधायक गोलू शुक्ला के आव्हान पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपने शहर, समाज और परिवार में सुख, शांति एवं सदभाव की प्रार्थना की। शहर में मातृशक्ति की विशाल कलश -कावड़ यात्रा का यह पहला वृहद आयोजन था, जिसमें शहर के अनेक प्रमुख जन प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

इस यात्रा के लिए विधानसभा क्षेत्र क्र. 3 की महिलाओं में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला, जब निर्धारित 11 बजे के समय से पहले ही सुबह 9 बजे से महिलाओं का गांधी हाल पर आगमन शुरू हो गया था। यात्रा प्रभारी दीपेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि क्षेत्र क्र. 3 के सभी 10 वार्डो की महिलाएं अपने झअपने समूहों के साथ वार्ड के मोहल्लों से गांधी हाल पहुंचने लगी थी, जहां देश की पवित्र नदियों का जल एक टैंकर में पहले से ही भरकर रखा गया था। महिलाओं ने अपने-अपने कलश लेकर गोपेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किए और क्रमबद्ध होकर यात्रा शुरू कर दी। यात्रा में सबसे आगे प्रतीकात्मक रूप से 11 कावड़ शामिल रहीं और बाकी मातृशक्तियों ने कलश में पवित्र जल लेकर मस्तक पर धारण किया। डीजे और बैंडबाजों की धुनों पर नाचते-गाते महिलाएं पूरे जोश एवं उत्साह के साथ गांधी हाल से रवाना हुईं। विधायक गोलू शुक्ला सपत्नीक इस यात्रा में गांधी हाल से शामिल रहे। यात्रा के विराट स्वरूप का अंदाज इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पहला सिरा गांधी हाल पर ही था तो दूसरा सिरा कृष्णपुरा छत्री तक पहुंच चुका था। गांधी हाल से जोशीले नारे, भजनों और अलग-अलग समूहों में कीर्तन करते हुए मातृशक्तियां जब सड़क पर निकलीं तो देखने वाले दंग रह गए। राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, श्रीमती माला ठाकुर आदि जन प्रतिनिधियों ने भी कलश-कावड़ यात्रा का स्वागत कर यात्रा के सूत्रधार विधायक गोलू शुक्ला का अभिनंदन किया।

# 12 लाख की शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस को मुखबिर की सूचना पर सोमवार को अवैध शराब की बड़ी खेप पकडऩे में सफलता हाथ लगी है।**

सेक्टर एक थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अवैध शराब परिवहन की लगातार शिकायत के बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। मुखबिर ने सूचना दी कि एक कंटेनर ट्रक क्क12क्चज्ज4237 से करीब 100 से ज्यादा पेटी अंग्रेजी शराब भरकर हरियाणा से गुजरात के लिए रवाना हुआ है, जो सोमवार को थाना क्षेत्र से गुजरेगा। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संजय जलाशय चौकी के पास भोडिया में पुलिस



चेक पोस्ट लगा कर चैकिंग शुरू की।

### कंटेनर में था गुप्त पार्टीशन

इस दौरान उक्त नंबर के कंटेनर को रोक कर तलाशी ली गई तो पहली नजर में कंटेनर खाली नजर आया। कंटेनर के अंदर गुप्त पार्टीशन बना कर रखा था जिसके खुलने पर 120 पेटी अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेज की मिली। जिसकी कीमत लगभग बारह लाख रुपए आंकी गई। पुलिस ने कंटेनर के ड्राइवर मोहम्मद ताहिर खान निवासी पांडेनी हरियाणा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, सहायक उपनिरीक्षक के के परिहार, बाल कृष्ण मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष चौहान, सूरज कुमार तिवारी, महेश यादव, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक सर्वेश सोलंकी व आरक्षक प्रशांत चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

# अग्रसेन महासभा में आया सावन झूम के

**इंदौर।** रिमझिम फुहारों और सावन की मस्ती में अठखेलियों के बीच श्री अग्रसेन महासभा की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और बिल्व पत्रों तथा गुलाब के फूलों से अभिषेक एवं श्रृंगार भी किया और रेन डांस के साथ गीत और संगीत से सराबोर माहौल में ह्व आया सावन झूम के ह्व कार्यक्रम में भुट्टे और भुट्टे से बने व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। श्री अग्रसेन महासभा के तत्वावधान में पीपल्या कुम्हार स्थित गोयल रिसोर्ट पर हरियाली और सावन के मिजाज को उत्सवी माहौल में ढालते हुए महासभा से जुड़ी मातृशक्तियों ने कार्यक्रम संयोजक श्रीमती आशा-एस.एन. गोयल, सरोज-ओम अग्रवाल, कल्पना-कैलाश बंसल, अर्चना-राजेश जिंदल, सुनीता-अरुण अग्रवाल, उषा-राजेश बंसल एवं जयश्री-राजेश मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। एंकर रूपल ने भी इस मनोहारी शाम को नया कलेवर देते हुए अनेक दिलचस्प गेम्स भी खिलवाए। सावन के गीतों पर मनोहारी डांस और बीच-बीच में भुट्टे के व्यंजनों का लुत्फ लेते हुए महासभा के परिवारों ने त्योहार की मस्ती और छुट्टी का भरपूर आनंद लिया।

# सरकार होती तो थानेदार की चमड़ी काटकर भूसा भर देते

## सागर में फूल सिंह बरैया बोले- अत्याचारी को उल्टा लटकाते; पुलिस-कांग्रेस नेताओं में नोकझोंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर ,(एजेंसी)। **सागर के सिविल लाइन में कांग्रेस की सभा में भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा, ह्यअपराध होगा तो व्यक्ति थाने में ही जाएगा, लेकिन वहां गालियां देते हैं। 2.48 करोड़ वोट में से 2 करोड़ वोट ही डाल दिया होता तो थानेदार की इसी सभा में चमड़ी काटकर भूसा भर दिया जाता।ह्व**

सोमवार को कांग्रेस ने दलित अत्याचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, सागर नगर निगम के खिलाफ स्मार्ट सिटी के नाम पर 900 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच नोकझोंक हुई। पुलिस ने वाटर कैनन के जरिए कांग्रेस नेताओं को खदेड़ा।

इससे पहले सभा में बरैया ने कहा, ह्यकलेक्टर और एसपी को पता ही नहीं मामला क्या है। ये तो आए और गए। अगर आपने वोट डाल दिया होता, तो आपकी सरकार होती। हमारी सरकार होती तो जिन लोगों ने आप पर अत्याचार किया है, उनको आपके ही गांव में उल्टा लटका देता। ऐसा नहीं होगा, तो फूल सिंह बरैया का नाम बदल देना।

**पीसीसी चीफ बोले- भूपेंद्र और गोविंद बदलापुर टीम के कप्तान-** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर के दलित हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए कहा, ह्यमध्यप्रदेश में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या की गई। मां को निर्वस्त्र कर घुमाया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया जा रहा है। यहां बदलापुर के नेता बन गए हैं। उन्होंने कहा, ह्यबदलापुर सरकार के कप्तान पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, मंत्री गोविंद सिंह हैं। इनको चेताना चाहता हूं कि आप अपनी सोच में परिवर्तन लाएं। कांग्रेस के एक भी कार्यकर्ता को यातना दी, तो उसी नेता का घर घेरेंगे, जिसके इशारे पर यह होगा। जो अधिकारी इस तरह की हरकतों में लिप्त होगा, उसके खिलाफ कोर्ट से कार्रवाई कराएंगे। चाहे वह कलेक्टर हो या एसपी।

**कलेक्टर ऑफिस घेराव करने निकले, पुलिस ने रोका-** सभा के बाद कांग्रेस नेता कलेक्टर ऑफिस का घेराव करने के लिए आगे बढ़े। कालीचरण चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक लिया। करीब 20 मिनट तक चले प्रदर्शन के बाद कालीचरण चौराहे पर ही एडीएम दूसरे अधिकारियों के साथ पहुंचे। पीसीसी चीफ पटवारी से बात की। उन्होंने अपनी मांगें रखीं। आश्वासन के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन खत्म किया।ह्व

# श्री उमा-महेश स्वरूप में प्रजा का हाल जानने निकले महाकाल

### गुना में कांवड़ उठाकर चले सिंधिया; रतलाम में भूत-प्रेतों के साथ कांवड़ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन ,(एजेंसी)। सावन के चौथे सोमवार पर उज्जैन में महाकाल प्रजा का हाल जानने निकले। शाम 4 बजे सवारी शुरू हुई। बाबा महाकाल बैलगाड़ी में नंदी पर श्री उमा-महेश के स्वरूप में विराजमान रहे। पालकी में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप, हाथी पर श्री मनमहेश, गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव प्रतिमा विराजित रही। सवारी में भजन मंडली, सशस्त्र बल की टुकड़ी, घासी जनजातीय समूह के कलाकार नृत्य करते हुए चले।

शिप्रा में पूजन - अभिषेक के बाद सवारी वापस मंदिर आकर समाप्त हुई। भस्म आरती के लिए रात 2.30 बजे मंदिर के पट खोले गए थे, जो आज रात 10.30 बजे तक खुले रहेंगे।

गुना के दौरे पर रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुटियावद गांव में कांवड़ यात्रा में शिरकत की। वे कुछ दूर तक खुद कांवड़ कंधे पर उठाकर चले।

खंडवा के ओंकारेश्वर में मंगला आरती के बाद भगवान ओंकार का विशेष श्रृंगार किया गया। दोपहर 2 बजे ओंकारेश्वर और ममलेश्वर महाराज नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में बेल पत्र, शमी पत्र, धतूरा, आक और फूल अर्पित कर भोले की आराधना की जा रही है। छिंदवाड़ा में पातालेश्वर मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का कुशा के जल से अभिषेक किया। रतलाम में मां कालिका मंदिर से केदारेश्वर तक कांवड़ यात्रा निकाली है।

**मंत्री कृष्णा गौर, रामनिवास रावत ने किया पालकी पूजन-** उज्जैन में महाकाल की सवारी में शामिल होने के लिए प्रदेश सरकार की मंत्री कृष्णा गौर, रामनिवास रावत और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा पहुंचे। यहां उन्होंने पालकी पूजन किया। सवारी में भी शामिल हुए।

# पार्टी विरोधी कार्य करने पर कार्रवाई

### नागदा नपा के 10 भाजपा पार्षदों को जिला अध्यक्ष ने दिया कारण बताओ नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नागदा ,(एजेंसी)। नागदा नगर परिषद के 10 भाजपा पार्षदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में पार्टी से 6 वर्ष के निष्कासन की चेतावनी दी गई है। सात दिन में नोटिस का संतोषपूर्ण जवाब नहीं देने पर कार्रवाई करने की बात सामने आई है।

बता दें कि, कुछ दिन पहले नागदा नगरपालिका सम्मेलन में कांग्रेस पार्षदों के साथ भाजपा के 10 पार्षदों ने भी प्रस्तावों का विरोध किया था। अपनी ही पार्टी के पार्षदों के विरोध के कारण बहुमत नहीं होने से सभी 35 प्रस्ताव पारित नहीं हो सके थे। रविवार को इन विरोधी पार्षदों ने एक बार फिर बयान जारी कर नगरपालिका अध्यक्ष संतोष गेहलोत की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े किए थे।

पार्षदों ने बताया कि हमने पहले ही सभी वरिष्ठ पार्टी नेताओं को अपनी शिकायत दर्ज करा दी थी। जब पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया, तब परिषद के सम्मेलन में विरोध किया।

**जिलाध्यक्ष बोले- नियमों के अनुसार की जा रही कार्रवाई-** भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुण्डला ने बताया कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है। पार्षदों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। पार्टी के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

वहीं भाजपा पार्षद अंतिम मावर ने नोटिस मिलने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि चार दिन में हम नोटिस का जवाब देंगे। हमने पार्टी का विरोध नहीं किया बल्कि पार्षद होने के अधिकार का उपयोग किया है।

### इन 10 पार्षदों ने किया था विरोध

नागदा नगर परिषद के भाजपा पार्षद शशिकांत मावर, उषा रामंचद्र सिसौदिया, शिवकुमार पोरवाल, मंजू राजेश गगरानी, सीमा भूपेंद्र राणावत, अंतिम आशीष मावर, महेंद्रसिंह चौहान, स्नेहलता नरेंद्रसिंह सेंगर, साहिल शर्मा, सुमित यादव ने प्रस्तावों का विरोध किया था।

# उज्जैन में पुलिस डॉग खली का भी उपवास

### महाकाल मंदिर में ड्यूटी; आते ही भगवान को नमन करता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन,(एजेंसी)। उज्जैन में पुलिस का डॉग खली सोमवार को ह्यउपवासह्व करता है। यानी पुलिस उसे सिर्फ दूध देती है। खली की ड्यूटी भगवान महाकाल को नमन करने के बाद शुरू होती है। राष्ट्रपति, पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के दौरे के समय उनकी सुरक्षा में वो तैनात रह चुका है। जर्मन शेफर्ड डॉग खली की उम्र अभी चार साल है। वह फरवरी 2024 ही में शाजापुर से उज्जैन में पदस्थ हुआ है। वह डॉग स्क्वायड टीम का मेंबर है। सावन के महीने में हर सोमवार को लाखों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। खली दिनभर महाकाल मंदिर में और शाम को सवारी में ड्यूटी पर तैनात रहता है।

**टीम में सब इंस्पेक्टर से कॉन्स्टेबल तक-** खली मंदिर परिसर में एंट्री करते ही भगवान महाकाल के शिखर को नमन करता है। इसके बाद सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल लेता है। विनोद मीणा खली के हैंडलर हैं। उनके साथ सब इंस्पेक्टर महेश शर्मा, कॉन्स्टेबल अनिल, हेड कॉन्स्टेबल विक्रम सिंह, कॉन्स्टेबल राहुल और महेंद्र टीम में शामिल हैं।

# उर्दू स्कूल में हिंदी शिक्षकों की कर दी नियुक्त

### खंडवा में छात्राओं ने मांगी टीसी, बोलीं- फेल ही होना है तो पढ़ाई क्यों करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा ,(एजेंसी)। उर्दू स्कूल में हिंदी शिक्षकों की नियुक्ति होने से छात्राओं ने हंगामा खड़ा कर दिया हैं। पालकों के साथ टीसी का आवेदन लेकर 100 से ज्यादा छात्राएं स्कूल पहुंची और उर्दू के शिक्षकों की मांग की। वहीं, अभिभावकों ने भी जिला शिक्षा अधिकरी को ज्ञापन दिया। छात्राओं का कहना है कि, हम उर्दू माध्यम से शुरू से पढ़ते आ रहे हैं। अब हिंदी माध्यम के शिक्षक उन्हें कैसे पढ़ा सकते हैं। हिंदी में पढ़ाएंगे तो हमें समझ में ही नहीं आएगा। जब फेल ही होना है तो क्यों ना स्कूल से टीसी ही वापस ले ली जाए। छात्राओं ने उर्दू माध्यम के टीचर्स की मांग की है। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, भोपाल वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी है। छात्राओं का कहना है कि जब उनका माध्यम उर्दू है, तो उन्हें उर्दू में ही पढ़ाया जाना चाहिए। जब शुरू से हम उर्दू माध्यम से पढ़ाई करते आ रहे है तो अब हम हिंदी में कैसे पढ़ पाएंगे कैसे परीक्षा दे पाएंगे। स्कूल में उन्हें उर्दू के टीचर की जगह हिंदी के माध्यम के टीचर्स की नियुक्ति कर दी है। ऐसे में परीक्षा में उन्हें बेहतर नंबर तो दूर शायद फेल ही होना पड़ जाए। इसलिए वह स्कूल से अपनी टीसी निकाल कर स्कूल छोड़ना चाहते हैं।

# सांसद बोले-सत्ता को देखकर लोग भाजपा में आना चाह रहे

### हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं; पार्टी विधायक ने कहा-आने वालों का स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा/भोपाल ,(एजेंसी)। **छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आने के इच्छुक नेताओं पर बयान दिया है। उन्होंने कहा, भाजपा में 50 प्रतिशत वालों की जगह नहीं है। अब दिल्ली में भी हमारी सरकार बन गई है। सत्ता को देख लोग चिट्ठी लिखवा रहे हैं। ऐसे लोगों को लेकर मेरा विरोध है। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है। पार्टी में सिर्फ 100 परसेंट भाजपाई की चलेगी।**

साहू ने यह बात रविवार को छिंदवाड़ा के सौंसर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। वीडियो सोमवार को सामने आया है।इस बयान पर पार्टी के दूसरे नेताओं से बात की। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सवाल को मुस्कुरा कर टाल दिया। वहीं, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा, ह्यभाजपा सशक्त पार्टी है। कार्यकर्ताओं की बड़ी श्रृंखला है। फिर भी अगर कोई आना चाहता है, तो उसका स्वागत है।

**अब चल रहा चिट्ठी-चिट्ठी का खेल-** छिंदवाड़ा सांसद ने कहा, उस समय जीत भी पक्की नहीं थी। फिर भी वे आए। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। उनके मान-सम्मान की जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन अब हम जीत गए।



विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले लोग सब कुछ छोड़कर भाजपा में आए,

दिल्ली में हमारी सरकार बन गई। दिख रहा है कि सब कुछ खत्म हो गया है। सत्ता को देख लोग पार्टी में आना चाह रहे हैं। अब चिट्?टी-चिट्ठी चल रही है। चिट्ठी लिखवाने का काम कर रहे हैं। आखिर, पहले क्यों नहीं आए? मेरा विरोध है ऐसे लोगों से, जो सिर्फ सत्ता के कारण आना चाह रहे हैं।

### हमारे छोटे कार्यकर्ताओं ने लंबा संघर्ष किया

साहू ने आगे कहा- हमारे छोटे कार्यकर्ताओं ने लंबा संघर्ष किया है। अब सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं की चलनी चाहिए। हमें ऐसे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। जो रहते तो हमारे साथ हैं, लेकिन पार्टनरशिप कांग्रेस के साथ है। ये 50 प्रतिशत की पार्टनरशिप नहीं चलने वाली। जिसे रहना है, तो 100 प्रतिशत भाजपा में रहे। 50 परसेंट रहना है, तो कांग्रेस में जाए।

# संपादकीय


## बचत की बुनियाद, कर्जमाफी से बढ़ती बैंकों की मुश्किलें

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत का पता इस बात से भी चलता है कि उसके बैंकों का कारोबार कैसा है। बैंकों का कारोबार मुख्य रूप से लोगों से जमा आकर्षित करने और उसे कर्ज के रूप में देकर उससे ब्याज कमाने से चलता है। मगर इस समय भारतीय बैंकों में जमा और कर्ज का अंतर काफी बढ़ गया है। इसे लेकर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की चिंता स्वाभाविक है। पिछले दिनों मौद्रिक समीक्षा के वक्त आरबीआइ के गवर्नर ने बैंकों से इस अंतर को पाटने के लिए विशेष योजनाएं चलाने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि बैंक ब्याज दरें निर्धारित करने को स्वतंत्र हैं। यही बात केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआइ गवर्नर के साथ बैठक में कही। वित्तमंत्री ने कहा कि बैंक अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान दें। लोगों से जमा आकर्षित करने के लिए वे आकर्षक योजनाएं चला सकते हैं। दरअसल, सार्वजनिक बैंक निवेश की कमी के चलते गंभीर परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। कायदे से बैंक अपनी ब्याज दरें रेपो दरों से आधा से लेकर एक फीसद तक ऊपर रख सकते हैं। मगर इस मामले में भी उन्हें कुछ राहत दी गई है, फिर भी उनके पास अपेक्षित जमा नहीं आ पा रहा। इसकी वजहें साफ हैं। पिछले कुछ वर्षों से लोगों की आमदनी लगातार कम हुई है। पहले जीएसटी की वजह से छोटे कारोबारियों पर बुरा असर पड़ा, फिर कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के बाद बहुत सारे कारोबार बंद हो गए, लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं। जिन लोगों के पास नौकरियां हैं भी, उनके वेतन में तुलनात्मक रूप से काफी कम बढ़ोतरी हुई है, जबकि महंगाई काफी बढ़ गई है। इस तरह बहुत सारे लोगों के पास बचत के लिए पैसे हैं ही नहीं कि उन्हें वे बैंकों में रखें। बल्कि इसका उलट यह हुआ है कि छोटे-छोटे काम के लिए भी लोगों को कर्ज लेने पड़ रहे हैं। कर्ज पर ब्याज की भरपाई करना भी बहुत सारे लोगों के लिए कठिन बना हुआ है। बचत के बारे में लोग तब सोचते हैं, जब उनके पास जरूरी खर्चों से अधिक आमदनी होती है। मगर सरकार लगातार इस हकीकत पर पर्दा डालने का प्रयास करती रही है कि रोजगार और आमदनी के स्रोत लगातार घटे हैं। कुछ दिनों पहले आम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने खुद दोहराया था कि बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है, गरीबी लगातार कम हो रही है। अगर सचमुच ऐसा होता, तो सरकार को इस तरह बचत बढ़ाने को लेकर चिंतित न होना पड़ता। बैंकों में लोगों द्वारा जमा बचत से राष्ट्रीय बचत बनती है। जिस देश के पास राष्ट्रीय बचत जितनी अधिक होती है, उसे अपनी विकास परियोजनाएं चलाने में उतनी ही आसानी होती है। मगर इस वक्त जब चालू खाते में जमा की दर चिंताजनक देखी जा रही है, तो लंबे समय के लिए चलाई जाने वाली बचत योजनाओं में निवेश को लेकर क्या ही दावा किया जा सकता है। अगर बैंक आकर्षक योजनाएं लेकर आएंगे और उन पर अधिक ब्याज की पेशकश भी करेंगे, तो कितने लोग आकर्षित हो पाएंगे, कहना कठिन है।

### अर्ज किया है..!

*दरख़्त कट गया लेकिन*
*वो राब्ते 'नासिर'*
*तमाम रात परिंदे*
*ज़मीं पे बैठे रहे*

– हसन नासिर




*बहुत से लोग भूखे हैं इसलिए नहीं कि भोजन की कमी है, ऐसा इसलिए है क्योंकि इंसान के दिलों में प्यार और देखभाल की कमी है।*

– जग्गी वासुदेव

### Health is Wealth

# आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए रोजाना करें ये 3 योगासन, दिन भर बने रहेंगे फ्रेश



पर्सनल लाइफ हो या प्रोफेशनल, आत्मविश्वास की कमी व्यक्ति के लिए हर जगह शर्मिंदगी का कारण बनती है। यही वजह है कि आज के समय में हर व्यक्ति खुद का आत्मविश्वास मजबूत बनाए रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश में लगा रहता है। बावजूद इसके कई लोग खुद के भीतर कॉन्फिडेंस की कमी महसूस करते हैं। जिसकी वजह से उनके मन को हर समय चिंता, अवसाद और नेगेटिव विचार घेरे रहते हैं। अगर आप भी खुद का खोया आत्मविश्वास वापस पाना चाहते हैं तो इन 3 योगासनों को अपने रूटीन में तुरंत शामिल कर लीजिए।

### आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करेंगे ये योगासन-

#### वृक्षासन

वृक्षासन दिमाग में स्पष्टता लाता है और व्यक्ति को बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। वृक्षासन को एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने के लिए किया जाता है। वृक्षासन करने से व्यक्ति की मुद्रा में सुधार होने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इस आसन का नियमित अभ्यास पैर के नितंबों, जांघों और टखनों को मजबूत बनाता है। जिससे घंटों एक जगह बैठकर काम करने वालों को फायदा मिलता है।

#### सूर्य नमस्कार

सूर्य नमस्कार एक बेहतरीन योगासन है जो आपके पूरे शरीर को सक्रिय बनाए रखने में मदद करता है। इस योगासन का नियमित अभ्यास शरीर को लचीला बनाकर रक्त संचार को बेहतर और मन को शांत करता है। सूर्य नमस्कार का रोजाना अभ्यास आत्मविश्वास बढ़ाकर व्यक्ति को ऊर्जावान महसूस करवाने में मदद करता है। जिससे उसका पूरा दिन फ्रेश बना रहता है।

#### ताड़ासन-

ताड़ासन करने से आपका शरीर मजबूत होता है और आपका मन शांत होता है। यह आसन आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करता है क्योंकि यह आपको खुद पर नियंत्रण रखना सिखाता है। खड़े होकर किया जाने वाला ताड़ासन लम्बाई बढ़ाने में मदद करता है और तो और योग विशेषज्ञ बताते हैं दिनचर्या में इस योगासन को शामिल करने से आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहने में विशेष मदद मिलती है।

New Delhi

# दिल्ली में बुलडोजर ऐक्शन पर बड़ा बवाल घेरकर हजारों लोगों ने कर दिया हंगामा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में मंगलवार सुबह बुलडोजर ऐक्शन पर भारी बवाल हुआ। दिल्ली के भलस्वा डेयरी कॉलोनी में सुबह दिल्ली पुलिस और नगर निगम की टीम डेयरी प्लॉटों पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची थी। इसके विरोध में हजारों लोग सड़क पर उतर आए। बुलडोजर को घेरकर हंगामा शुरू कर दिया। भारी सुरक्षा के बावजूद भीड़ के आक्रोश को देखते हुए टीम को ऐक्शन रोकना पड़ा। विरोध कर रहे लोगों लोगों का कहना है कि भलस्वा डेयरी कॉलोनी 50 वर्षों से यहां पर मौजूद है। यहां पर 1990 के दशक में लैंडफिल साइट का निर्माण किया गया। इसकी वजह से यहां की स्थिति बहुत खराब हो गई। यहां पर लोग व्यवस्थित तरीके से डेयरी का



उत्पाद करते हैं। प्रशासन की कार्रवाई जायज नहीं है। अवैध कब्जे पर कार्रवाई करने के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। लेकिन भीड़ के सामने इंतजाम नाकाफी साबित हुए। लोगों ने पुलिस के बैरिकेड हटा दिए। पुलिस और निगम कर्मचारी लोगों के साथ लगातार बातचीत भी कर रहे हैं। लोग बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। दिल्ली नगर निगम ने भलस्वा डेयरी कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का उल्लंघनकर्ताओं को बीते सप्ताह नोटिस जारी किया। अधिकारियों के अनुसार जुलाई में दिल्ली उच्च न्यायालय ने अवैध तरीके से डेयरी प्लॉटों को बिना किसी कानूनी स्वीकृति के व्यावसायिक व रिहायशी तौर पर उपयोग करने के खिलाफ उन्हें हटाने का आदेश निगम और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) को दिया था।

Uttarpradesh

## स्कूल में बच्चे को खिलाया मीट, हेडमास्टर सस्पेंड; पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मेरठ। यूपी के मेरठ के कोतवाली क्षेत्र में बुढ़ाना गेट के पास प्राथमिक विद्यालय वैदवाड़ा में सोमवार को मिड डे मील के दौरान बच्चे को मीट खिलाया गया। बच्चे ने घर जाकर इसकी जानकारी दी तो परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा कर दिया। भाजपाइयों ने पुलिस और बीएसए से शिकायत कर दी, जिसके बाद हेड मास्टर को गिरफ्तार कर लिया गया। बीएसए ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी हेड मास्टर को सस्पेंड कर दिया है। कोतवाली में हेड मास्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।**

कोतवाली क्षेत्र में बुढ़ाना गेट चौकी के पीछे प्राथमिक विद्यालय वैदवाड़ा खंड-2 है। इस स्कूल में जत्तीवाड़ा निवासी दो भाई पढ़ने जाते हैं। बच्चों ने सोमवार दोपहर घर पहुंचकर बताया कि आज स्कूल में हेड मास्टर मोहम्मद इकबाल ने 100 रुपये बच्चों को देकर मीट मंगवाया। बड़े भाई ने परिजनों को बताया कि हेड मास्टर ने उन्हें मीट खाने के लिए कहा, लेकिन उसने नहीं खाया। इसके बाद हेड मास्टर ने छोटे भाई को मीट खिला दिया। इस जानकारी पर परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा कर दिया। दूसरी ओर, कई भाजपा नेता स्कूल पहुंच गए और हंगामा कर दिया। पुलिस ने हेड मास्टर को गिरफ्तार कर लिया। जांच के बाद बीएसए ने हेड मास्टर को सस्पेंड कर दिया।

New Delhi

## पतंजलि 'भ्रामक विज्ञापन' मामले में बाबा रामदेव को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने बंद किया मानहानि का केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पतंजलि 'भ्रामक विज्ञापन केस' में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है.



सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में मानहानि का केस बंद कर दिया है. दरअसल, पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापन दिए जाने के इस केस में माफीनामा पहले ही दाखिल किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था है. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच ने यह फैसला सुनाया है.

बता दें कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने पतंजलि पर कोविड-19 वैक्सीनेशन को लेकर गलत कैंपेन चलाने का आरोप लगाया था. इस पर अदालत ने चेतावनी दी थी कि पतंजलि आयुर्वेद की तरफ से झूठे और भ्रामक विज्ञापन तुरंत बंद होने चाहिए. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से एलोपैथी दवाइयों की उपेक्षा हो रही है.

Rajasthan

## बहन से मिलने गई पत्नी तो हैवान बना पति, बाइक से बांधकर घसीटा

**नागौर, (एजेंसी)** राजस्थान के नागौर से एक दहला देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को बाइक से बांधकर घसीट दिया. उसने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उसकी पत्नी उसके मना करने के बावजूद भी अपने बहन के घर चली गई थी. फिलहाल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक पूरा मामला नागौर के पांचौड़ी थाना क्षेत्र के पांचौड़ी गांव का बताया जा रहा है. व्यक्ति की पहचान पांचौड़ी निवासी प्रेम राम के रूप में हुई है. प्रेम राम मोटरसाइकिल के पीछे बांधकर अपनी पत्नी को घसीट रहा है. पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के मुताबिक आरोपी प्रेम राम की शादी 10 महीने पहले ही हुई है. बताया जाता है कि प्रेम राम नशेड़ी है और आए दिन अपनी पत्नी से मारपीट करता रहता है. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण सिंह टोगस ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. साथ ही आरोपी प्रेम राम को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. प्रेम राम की पत्नी जिद कर जैसलमेर अपनी बहन से मिलने के लिए जा रही थी. लेकिन उसके पति प्रेम राम ने मना कर दिया था. हालांकि, इसके बाद भी प्रेम राम की पत्नी बहन से मिलने चली गई. इससे गुस्साए प्रेम राम ने मोटरसाइकिल के पीछे बांधकर पत्नी को घसीट दिया.

खेल

# रोहित और कोहली दलीप ट्रॉफी में लेंगे हिस्सा?

## सामने आई जानकारी, पहले दौर का स्थान भी बदला

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दलीप ट्रॉफी के दौर के मुकाबले में परिवर्तन किया है। पहले इसका आयोजन अनंतपुर में होना था, लेकिन अब इसे बेंगलुरु में कराने का फैसला लिया गया है। इस टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के अन्य कुछ स्टार खिलाड़ी के हिस्सा लेने की उम्मीद है। सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को हालांकि छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जाएगा।**



दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जाएगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आए। अनंतपुर बेंगलुरु से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। एक सूत्र ने बताया, कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिए यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाए।

भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में खेलने हैं। रोहित और विराट खेलने पर फैसला खुद लेंगे लेकिन रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, केएल राहुल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव के इसमें खेलने की उम्मीद है। बुमराह और अश्विन बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से पहले सीधे टीम से जुड़ेंगे। चयनकर्ता ऋषभ पंत को भी दलीप ट्रॉफी में खेलते देखना चाहते हैं। अगर ऐसा होता है कि दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना के बाद यह उनका पहला लाल गेंद का टूर्नामेंट होगा। पंत ने आईपीएल 2024 से क्रिकेट के मैदान पर वापसी की थी और टी20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे थे। सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे मोहम्मद शमी इसमें नहीं खेलेंगे।

सिनेमा

## अदा शर्मा ने बताया क्यों नहीं रखा सुशांत सिंह राजपूत के घर पर फर्नीचर, दादी भी देती हैं नए अपार्टमेंट का किराया



अदा शर्मा हाल ही में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के घर में शिफ्ट हुई हैं। वह इस घर की तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अब एक इवेंट के दौरान अदा ने फिर से इस घर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह घर खरीदा नहीं बल्कि रेंट पर लिया है। इसमें रहने वाली उनकी दादी भी किराया देती हैं। इसके अलावा घर पर कोई फर्नीचर भी नहीं है। अदा शर्मा वेस्ट मुंबई के मॉन्ट ब्लॉन्क अपार्टमेंट में रह रही हैं। इस 4 बीएचके घर पहले सुशांत सिंह राजपूत रहते थे। इसी घर में उनका निधन हुआ था, इसके बाद इस घर को किरायेदार मिलने में मुश्किल हो रही थी। अब अदा शर्मा इस घर में शिफ्ट हुई तो तरह-तरह के चर्चे हैं। कुछ लोगों को लग रहा है कि उन्होंने यह खरीद लिया है। एक इवेंट के दौरान अदा से पूछा गया कि उन्होंने वो घर खरीदा है या किराये पर रह रही हैं? इस पर अदा बोलीं, मैंने फ्लैट रेंट पर लिया है। द केरल स्टोरी से आए 378 करोड़ मेरे नहीं हैं। अदा ने बोलीं, न सिर्फ मैं बल्कि मेरी दादी भी इस घर का किराया दे रही हैं। उनका कहना है कि वह रहती हैं तो उन्हें भी किराया देना चाहिए। मेरी मां जॉब नहीं करती हैं तो वह नहीं दे रही हैं लेकिन वह हमारे लिए बढ़िया खाना बनाती हैं।

## Highlights

1. 70-year-old woman trampled to death by wild elephant in Jharkhand
2. How long will we keep losing sons: Father of soldier killed in action in J&K
3. No instability when ED raids opposition? Sachin on Hindenburg row
4. Patient exposes himself before female doctor in WB amid outrage over rape-murder
5. Patients bang hospital doors in UP as doctors strike over doctor's rape & murder

# Ola Electric Mobility soars 18% more today, rallies 58% in 3 days. Here's why




**NEW DEIHI, (Agency).** Ola Electric Mobility shares rose over 18 per cent to ₹129.40 as the stock continued its stellar run after hitting the 20 per cent upper circuit for two consecutive days. The company made a debut at par with the issue price of ₹76 but has rallied 58 percent in just three days.

This comes ahead of Ola Electric Mobility's Q1 results announcement on August 14. The Bhavish Aggarwal-led firm will hold its first board meeting since listing to review and approve the unaudited standalone and consolidated financial results for the quarter ended June 30, 2024, as per a company filing.

Additionally, Ola Electric is set to unveil its first electric motorcycle on Independence Day. In August 2023, Ola showcased concept models, including the Diamondhead, Adventure, Roadster, and Cruiser.

# Unicommerce eSolutions makes stellar market debut: Lists at 118% premium

**NEW DEIHI, (Agency).** Unicommerce eSolutions made a stellar debut on the NSE as its shares listed at ₹235 apiece, a bumper premium of 117.6 per cent over the IPO price of ₹108. The IPO, worth ₹276.6 crore, opened for subscription on August 6 and closed on August 8. The issue was subscribed 168.35 times by the last day of subscription as retail investor portion was subscribed 130.9 times,



Qualified Institutional Buyers (QIBs) 138.75 times and Non-Institutional Investors (NIIs), 252.46 times. The IPO is entirely an offer-for-sale of 2.6 crore shares and the price band for the issue was set between ₹102 and ₹108 per share. The book-running lead managers are IIFL Securities Ltd and CLSA India Pvt Ltd. Link Intime India Pvt Ltd is the registrar of the IPO. Ahead of the issue, the company raised ₹124.5 crores from anchor investors on August 5.In FY24, the company's revenue rose nearly 18 per cent to ₹109.4 crore and its profit after tax (PAT) rose 102 per cent on year to ₹13 crore. Unicommerce eSolutions, established in February 2012, operates a SaaS platform which streamlines e-commerce operations for brands, sellers, and logistics providers. The company's products includes a warehouse and inventory management system, multi-channel order management, omnichannel retail management and a payment reconciliation system.

**सड़क पर उतरी तीन थानों की पुलिस**

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने निकाली वाहन रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगरीय पुलिस के जोन 3 में संयोगितागंज सर्कल के थानों द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत वाहन रैली निकाली। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट पहनकर पुलिस द्वारा वाहन रैली निकाली गई।**

उल्लखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों पर इंदौर नगरीय पुलिस के जोन 3 के संयोगितागंज सर्कल में एसीपी संयोगितागंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संयोगितागंज, पलासिया और छोटी ग्वालटोली ने अपने-अपने थानों की थाना मोबाइल व वाहनों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के तहत वाहन रैली निकाली। इसमें पुलिसकर्मियों द्वारा हाथों में तिरंगा झंडा लिए थे। वाहन रैली थाना पलासिया से शुरू होकर साकेत चौराहा, मनीष पुरी, पत्रकार चौराहा, पलासिया चौराहा होते हुए शिवाजी वाटिका चौराहा, जीपीओ चौराहा, छावनी रोड उषागंज, जावरा कंपाउंड, मधुमिलन चौराहा होते हुए सरवटे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पटेल प्रतिमा, मधु मिलन से गीता भवन होते हुए वापस पलासिया थाने पहुंची। वाहन रैली में एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह, थाना प्रभारी संयोगितागंज सतीश कुमार पटेल, थाना प्रभारी पलासिया मनीष मिश्रा, थाना प्रभारी छोटी ग्वालटोली उमेश यादव अपने अपने थानों की थाना मोबाइल एवं थानों की पुलिस बल और वाहनों के साथ शामिल हुए।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक